सभी प्रकार की सरकारी सहायताओं से मुक्त, खोजी पत्रकारिता का तेज बढ़ता अखबार

दैनिक

themovementofindia.in

# द मूवमेंट ऑफ़ इंडिया

RNI No. RAJHIN/2012/48876
पोस्टल पंजीयन नं. भीलवाड़ा / 2025-2027

खोजी खबरें-तेज नजरें

प्रेरणा स्रोत - स्व. चुन्नीलाल सालवी

ये अखबार ही नहीं क्रांति का अभियान है। मानवता एवं लोकतंत्र का सजग प्रहरी, ये दुष्टों की मौत का सामान है।

वर्ष - 14 अंक -22 | 09 जुलाई 2025,बुधवार | संपादक - दयाराम दिव्य | सहसंपादक - चाहत सालवी | मूल्य - 2 रू.

## 4 महीने में ही 3 गिर गए; बार-बार हादसे का शिकार हो रहा भारत का यह लड़ाकू विमान

**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**

भारतीय वायुसेना का एक और जगुआर लड़ाकू विमान हादसे का शिकार हो गया है। करीब चार महीने के भीतर ही जगुआर का यह तीसरा हादसा है। इससे पहले इसी साल मार्च और अप्रैल में भी एक-एक जगुआर लड़ाकू विमान हादसे का शिकार हो गए थे। राजस्थान के चुरू जिले में बुधवार को हुई दुर्घटना में विमान में सवार दोनों पायलट की मौत हो गई। वायु सेना ने एक बयान में कहा कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए 'कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी' के आदेश दिये गए हैं। बयान में कहा गया,%वायुसेना का एक जगुआर प्रशिक्षण विमान राजस्थान के चुरू के पास एक नियमित प्रशिक्षण मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।%इसमें कहा गया,%दुर्घटना में दोनों पायलट की मौत हो गई। किसी भी नागरिक संपत्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा



है।% इससे पहले दिन में, राजलदेसर के थानाधिकारी कमलेश ने बताया कि विमान दोपहर करीब 1ः25 बजे भाणुदा गांव के एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। उन्होंने बताया कि दुर्घटना स्थल के पास मानव शरीर के अंग मिले हैं।

**अप्रैल में गुजरात में क्रैश**

जगुआर विमान के साथ 2025 में ही तीसरा हादसा है, जिसने बेड़े के ऑपरेशन सुरक्षा को लेकर सवाल उठा दिए हैं। इससे पहले अप्रैल में एक ट्विन सीटर जगुआर विमान गुजरात के अहमदाबाद में टेकऑफ के बाद क्रैश हो गया था। वायुसेना ने कहा था कि पायलटों को विमान उड़ाते हुए तकनीकी गड़बड़ी का अहसास हुआ और आगे जोखिम को देखते हुए वे इजेक्ट कर गए। इस हादसे में एक पायलट की मौत हो गई जबकि दूसरे जख्मी हो गए थे।

**मार्च में अंबाला में हुई दुर्घटना**

गुजरात के हादसे से पहले हरियाणा के अंबाला में भी ट्रेनिंग के दौरान एक जगुआर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में पायलट सफलतापूर्वक निकलने में कामयाब रहे थे। वायुसेना ने बताया था कि हादसे से पहले पायलट ने विमान को आबादी से दूर करने में सफलता पाई और फिर समय रहते इजेक्ट कर गए।

## 24 हजार की रिश्वत लेते इटूंदा सरपंच ट्रैपः बिल पास कराने की एवज में मांगी थी रिश्वत



**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**

भीलवाड़ा में ACB फर्स्ट ने सरपंच और ई-मित्र संचालक को 24 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

एसीबी के डिप्टी पारस मल ने बताया कि ACB को शिकायत मिली थी कि इटूंदा पंचायत के सरपंच अन्नू सिंह मीणा और ई-मित्र संचालक सफाई के बिल पास करवाने के लिए रिश्वत की मांग कर रहे हैं। शिकायत की पुष्टि होने के बाद,ब्यूरो की टीम ने आज दोनों को मौके से रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

ACB आरोपियों से पूछताछ कर रही दरअसल, ठेकेदार ने सफाई के काम का ठेका लिया है, गोविंद को साफ सफाई कार्य के बिल पास करवाने थे, इस एवज में सरपंच अन्नू ने रिश्वत की मांग की। ठेकेदार गोविंद ने इसकी शिकायत भीलवाड़ा एसीबी फर्स्ट से की।

एसीबी ने शिकायत का सत्यापन करवाया और शिकायत सही पाए जाने पर आज ट्रैप की कार्रवाई की। जिसके तहत एसीबी टीम ने सरपंच और ई-मित्र संचालक को गिरफ्तार कर लिया।

## ब्लूटूथ से सरकारी नौकरी हथियाईः हाईकोर्ट भर्ती की नकलबाज क्लर्क संगीता बिश्नोई गिरफ्तार

**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**

राजस्थान में एक बार फिर सरकारी भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। इस बार मामला जुड़ा है हाईकोर्ट जोधपुर की ओर से 2022 में निकाली गई कनिष्ठ लिपिक भर्ती परीक्षा से, जिसमें तकनीक का दुरुपयोग कर नकल करने वाली संगीता बिश्नोई को एसओजी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। संगीता इस समय देसूरी कोर्ट में सिविल एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट के कार्यालय में कार्यरत थी। गिरफ्तारी के बाद मामले में संगठित नकल गैंग की साजिश का खुलासा हुआ है। राजस्थान एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने प्रेस को बताया कि हाईकोर्ट द्वारा 2022 में निकाली गई सीधी भर्ती परीक्षा 12 और 19 मार्च 2023 को आयोजित हुई थी। संगीता बिश्नोई का परीक्षा केंद्र बीकानेर की आरएनबी यूनिवर्सिटी में लगा था। परीक्षा दोपहर 12 से 2 बजे तक चली। जांच में सामने आया कि संगीता ने इस परीक्षा में ब्लूटूथ डिवाइस की मदद से नकल कर सफलता पाई। नकल कराने का जिम्मा संभाला था पौरव कालेर नामक आरोपी ने, जो संगठित नकल गिरोह का सरगना है। पौरव ने सालासर से मोबाइल के जरिये ब्लूटूथ डिवाइस से संगीता को प्रश्नों के उत्तर परीक्षा के दौरान ही उपलब्ध कराए। पूरी योजना सुनियोजित थी, जिसमें तकनीक, नेटवर्क और परीक्षा व्यवस्था की कमजोरी का फायदा उठाया गया। एसओजी को जब इस मामले की पुख्ता जानकारी मिली, तो उन्होंने इसकी गंभीरता से जांच शुरू की। जांच में पौरव कालेर से संगीता के पुराने सम्पर्कों की पुष्टि हुई। कॉल डिटेल्स, लोकेशन ट्रैकिंग और तकनीकी विश्लेषण से एसओजी को पर्याप्त सबूत मिले कि संगीता ने ब्लूटूथ डिवाइस से नकल कर परीक्षा पास की।

इसके आधार पर मंगलवार को संगीता बिश्नोई के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। बुधवार को उसे कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। एसओजी यह जानने की कोशिश कर रही है कि क्या संगीता की तरह और भी उम्मीदवार इस गिरोह की मदद से पास हुए हैं। यह मामला केवल एक उम्मीदवार की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संकेत है कि नकल कराने वाले गैंग अब तकनीक के सहारे बड़े पैमाने पर सरकारी भर्तियों को प्रभावित कर रहे हैं। खास बात यह है कि जिन पदों पर पारदर्शिता सर्वोपरि होनी चाहिए, वहीं पर ऐसे गिरोह प्रभावी हो रहे हैं। पौरव कालेर का नकल नेटवर्क पहले भी चर्चाओं में रहा है और एसओजी पहले भी कई मामलों में इसका नाम सामने ला चुकी है। अब संगीता की गिरफ्तारी से ये पुष्टि होती है कि भर्ती प्रक्रिया में ब्लूटूथ, हाईटेक गैजेट्स और पूर्व से सेट नेटवर्क का इस्तेमाल हो रहा है।

**सवालों के घेरे में भर्ती पारदर्शिता**

- इस घटना ने एक बार फिर सरकार, न्यायपालिका और भर्ती संस्थाओं की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अगर ऐसे तकनीकी तरीकों से उम्मीदवार नौकरी में आ रहे हैं, तो यह न सिर्फ व्यवस्था के लिए खतरा है, बल्कि योग्य उम्मीदवारों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ है। एसओजी की टीम अब पूरे नेटवर्क की पड़ताल में जुटी है। यह देखा जा रहा है कि किस-किस स्तर पर इस गिरोह का प्रभाव है और कितने उम्मीदवारों को इस तकनीकी नकल के जरिए नौकरी मिली है।

## *पालड़ी गांव के बेटे ने इंग्लैंड से पीएचडी की डिग्री हासिल कर रचा इतिहास दलित यथार्थ पर शोध, डॉक्टरेट की डिग्री नॉटिंघम ट्रेंट यूनिवर्सिटी से*



**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**

भीलवाड़ा जिले की आसींद तहसील के छोटे से गांव पालड़ी के रहने वाले नीरज बुनकर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भीलवाड़ा का नाम रोशन किया है। उन्होंने हाल ही में यूनाइटेड किंगडम की प्रतिष्ठित नॉटिंघम ट्रेंट यूनिवर्सिटी से ÷जाति और राजस्थान-आधारित हिंदी सिनेमा- सिनेमाई दुनिया में दलित यथार्थ का चित्रण÷ विषय पर शोध करके पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि को उन्होंने भारत सरकार की ÷नेशनल ओवरसीज़ स्कॉलरशिप÷ प्राप्त कर पूरा किया। यह स्कॉलरशिप समाज के आर्थिक और सामाजिक रूप से वंचित तबके के प्रतिभाशाली छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए विदेश में पढ़ाई का अवसर देती है। इस स्कॉलरशिप के जरिए उन्होंने ब्रिटेन में अपने शोध को अंजाम दिया। उनकी प्रारंभिक शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय, हुरड़ा से हुई, जहाँ उन्होंने कला वर्ग से पढ़ाई की। इसके बाद वे दिल्ली चले गए और दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोरीमल कॉलेज से राजनीति विज्ञान में स्नातक किया। बचपन से ही समाज सेवा का सपना रखने वाले नीरज ने सामाजिक कार्य में मास्टर्स की पढ़ाई टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (ऊहृस्स), मुंबई से की। आर्थिक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। पढ़ाई के साथ-साथ उन्होंने भारत सरकार की पोषण अभियान योजना में चित्तौड़गढ़ जिले में जिला लीड के रूप में डेढ़ वर्ष तक कार्य किया। इस कार्यकाल में उन्होंने टाटा ट्रस्ट्स के सहयोग से आंगनवाड़ी केंद्रों को सशक्त बनाने का कार्य किया और पोषण सुधार में अहम भूमिका निभाई।

नीरज कहते हैं, ÷मैंने हमेशा यह सपना देखा था कि एक दिन मैं शिक्षा के क्षेत्र की सर्वोच्च डिग्री हासिल करूंगा। आज यह सपना पूरा हुआ है। यह उपलब्धि मेरे परिवार के संघर्ष और मेहनत का परिणाम है। मैं यह डिग्री बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को समर्पित करता हूं, जिनकी सोच ने मुझे यह सपना देखने का साहस दिया÷।

## बिजौलिया में अवैध बजरी से भरा ट्रोला जब्तः पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त कार्रवाई

**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**

मानसून सीजन में हाईकोर्ट और राज्य सरकार द्वारा लगाए गए सख्त प्रतिबंधों के बावजूद अवैध बजरी खनन थमने का नाम नहीं ले रहा। मंगलवार सुबह बिजौलिया के राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध बजरी से भरा एक ट्रोला पकड़ा गया।

खनिज विभाग के फोरमैन गिरिराज मीणा ने बताया-सूचना के आधार पर सुबह करीब 9 बजे कल्याणपुरा क्षेत्र में ट्रोले को रोका गया। पूछताछ



में सामने आया कि ट्रोला बनास-बीगोद क्षेत्र से बजरी भरकर कोटा की ओर जा रहा था और इसमें लदी बजरी पूरी तरह अवैध थी। विभाग ने ट्रोला को तत्काल जब्त कर बिजौलिया थाना में सुपुर्द कर दिया। फिलहाल मामले की अग्रिम जांच जारी है।

फोरमैन मीणा ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन और परिवहन में लिप्त पाए जाने पर विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग की सक्रियता से बजरी माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

हेड कॉन्स्टेबल ताराचंद ने बताया कि ट्रोले को माइनिंग विभाग द्वारा जब्त कर पुलिस को सौंपा गया है। विशेष बात यह रही कि ट्रोले की नम्बर प्लेट को ढककर रखा गया था, जिससे नम्बर पढ़ा नहीं जा सका। यह दर्शाता है कि माफियाओं ने जानबूझकर पहचान छिपाने की कोशिश की।

C M Y K

## सम्पादकीय

### चुनाव आयोग की सख्ती

बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन की आवश्यक पहल के खिलाफ भ्रामक और गुमराह करने वाले वीडियो एवं पोस्ट पर चुनाव आयोग की सख्ती आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य भी है। यह ठीक है कि चुनाव आयोग मतदाता सूची के सत्यापन संबंधी फर्जी पोस्ट एवं वीडियो को खोज-खोज कर उन्हें गलत बता रहा है और इसी के साथ सच्चाई भी बयान कर रहा है, लेकिन इसे पर्याप्त नहीं कहा जा सकता। चुनाव आयोग को ऐसे भ्रामक वीडियो एवं पोस्ट करने वालों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई भी करनी चाहिए। यह और कुछ नहीं सीधा-सीधा फेक न्यूज का मामला है। यदि इस तरह की फेक न्यूज फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो शरारती तत्वों का दुस्साहस और अधिक ही बढ़ेगा। ऐसे तत्व चुनाव आयोग के साथ-साथ भारतीय लोकतंत्र की छवि खराब करने का ही काम करेंगे। अतीत में करते भी रहे हैं। यह किसी से छिपा नहीं कि वे किस तरह ईवीएम के खिलाफ गुमराह करने वाले वीडियो साझा कर चुके हैं। समस्या यह है कि चुनाव आयोग के पास पर्याप्त अधिकार नहीं। वह खुद को और चुनाव प्रक्रिया को बदनाम एवं देश की जनता को गुमराह करने वाले लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं कर पाता। यह सहज ही समझा जा सकता है कि बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन की प्रक्रिया के खिलाफ कौन लोग भ्रामक पोस्ट एवं वीडियो साझा करने में लगे हुए हैं। यह तय माना जाना चाहिए कि इनमें से कई विपक्षी दलों के नेता, कार्यकर्ता और समर्थक होंगे। आखिर यह एक तथ्य है कि कांग्रेस, राजद समेत कई विपक्षी दलों ने बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन का बेतुका विरोध किया है। समझना कठिन है कि आखिर निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव के लिए यह क्यों नहीं पता लगाया जाना चाहिए कि वास्तविक मतदाता कौन हैं।



**प्रधान संपादक - दयाराम दिव्य**

# बालिकाओं की सोशल मीडिया व साइबर अपराध से बचाव के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

द मूवमेंट ऑफ इंडिया

**भीलवाड़ा ।** महिला अधिकारिता विभाग के निर्देशानुसार श्री बालाजी नर्सिंग कॉलेज में बालक व बालिकाओं के साथ पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र की केन्द्र प्रबंधक गंगा दाधीच ने बाल विवाह अधिनियम 2006 के शारीरिक, मानसिक व आर्थिक नुकसान के केस स्टडी माध्यम से समझाया गया व बाल विवाह अधिनियम की सजा के प्रावधान के बारे में बताया गया। कार्यस्थल पर बालिकाओं को लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 व आतंरिक शिकायत समिति गठन के बारे में बताया गया व सखी सेंटर व पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र व 181 हेल्पलाइन नम्बर, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1090 गरिमा हेल्पलाइन नम्बर,व सोशल मीडिया व साइबर अपराध के बारे में तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। मनोसामाजिक परामर्शदाता सुनिता शर्मा ने महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र के बारे में बताया कि महिलायें हिंसा से पीड़ित हो तो किस तरह सलाह व सहायता की जाती है। सभी बालक व बालिकाओं के साथ प्रश्नोश्री रखी गई जिसमें मानसिक, बौद्धिक व शारीरिक स्वास्थ्य से संबंधित प्रश्न किये गये। विधिक सेवा प्राधिकरण के फारूक पठान ने पोक्सो अधिनियम यौन अपराध से बच्चों के संरक्षण हेतु अधिनियम के बारे विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। नर्सिंग कॉलेज के संस्थापक श्री प्रमोद तिवाडी द्वारा करियर पर ध्यान देने व अपने साथ गलत होता है तो चुप नहीं रहना चाहिए आवाज उठानी चाहिए। कार्यक्रम में नर्सिंग अध्यापिका पायल शर्मा व रंजना सिह ने विचार प्रकट किये व कार्यक्रम में 200 बालक व बालिकाए उपस्थित रही।

# आई.टी.आई. में प्रवेश के लिए ऑनलाइन फार्म आमंत्रित

द मूवमेंट ऑफ इंडिया



राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भीलवाड़ा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए है।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के उपनिदेशक (प्रशिक्षण) श्री सुरज पंवार ने बताया कि सत्र 2025-26/27 में राज्य की समस्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में एनसीवीटी व एससीवीटी के अंतर्गत विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश के लिए राज्य स्तरीय केंद्रीकृत ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया द्वारा प्रवेश के लिए आवेदन-पत्र आमंत्रित किए गए है।

इच्छुक अभ्यर्थी राज्य सरकार के एकीकृत एसएसओ पोर्टल अथवा ई-मित्र कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म भर सकते है। ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने के लिए अंतिम तिथि 10 जुलाई है। प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की आयु 01 सितम्बर 2025 को 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। अस्थाई मेरिट लिस्ट 15 जुलाई 2025 को जारी की जाएगी। संस्थान प्रबन्धन समिति सीटों पर संबंधित संस्थानो में संस्थान स्तर पर प्रवेश तिथि 18 जुलाई रहेगी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भीलवाड़ा में स्वीकृत व्यवसायों में प्रवेश होना प्रस्तावित है। अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नं. 9929457862 व 9413054225 पर सम्पर्क कर सकते है।

# सवाईपुर विद्यालय के पूर्व छात्र राठौड व छात्र सालवी ने गांव का नाम किया रोशन

द मूवमेंट ऑफ इंडिया





**भीलवाड़ा( बलराम वैष्णव )=** जब किसी सरकारी स्कूल में अध्ययन करने वाले छात्र किसी अच्छे पद पर चयन हो जाते हैं तो वह उसे स्कूल और शिक्षकों के साथ ही उसे गांव का नाम भी रोशन कर देते हैं, ऐसे ही कुछ प्रतिभा के धनी है सवाईपुर कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के दो छात्रों, जिनमें से एक पूर्व छात्र ने सेना मे चयन होकर और एक वर्तमान छात्र ने हॉकी में सवाई मानसिंह ऐकडमी में चयन होकर स्कूल और गांव का नाम रोशन किया है । प्रधानाचार्य डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर ने बताया कि विद्यालय में कक्षा दसवीं मे अध्यनरत छात्र अविष्कार सालवी शुरू से ही विद्यालय की हॉकी टीम का मजबूत और श्रेष्ठ खिलाड़ी रहा है और इस श्रेष्ठता और अपने खेल की चातुर्यता के बल पर उसका राजस्थान सरकार द्वारा संचालित प्रदेश की राजधानी जयपुर में सवाई मानसिंह स्टेडियम खेल एकेडमी में चयन हुआ है । इसी तरह इसी विद्यालय के पूर्व छात्र रहे कृष्ण पाल सिंह राठौड़ का चयन केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएफ (आर्मी ) में कांस्टेबल के पद पर चयन हुआ और वह टीआरजी मुंडली ओडीशा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है । डॉ.प्रतिष्ठा ठाकुर ने बताया कि राठौड का चयन के बाद प्रथम बार अपने गांव और विद्यालय में आने पर विद्यालय परिवार की ओर से उनका माल्यार्पण कर तिलक लगाकर मुहं मीठा कराकर अभिनंदन किया गया, इसी तरह अविष्कार सालवी का भी चयन होने पर उसका स्वागत और अभिनंदन किया गया और दोनों ही छात्रों को विद्यालय और गांव का नाम रोशन कर गौरांवित करने पर उनके मगंलमय भविष्य की कामना की गई ।।

# विद्यालय की जमीन पर कब्जा,प्रशासनिक अधिकारियों ने निर्माण कार्य रुकवाया



द मूवमेंट ऑफ इंडिया

**मुकेश खटीक**

**मंगरोप।** आमा ग्राम पंचायत क्षेत्र के जीवनपुरा गांव में स्थित स्कूल की जमीन पर अवैध निर्माण की शिकायत पर नायब तहसीलदार के आदेश पर पटवारी विनोद कुमार एवं गिरदावर नन्दकिशोर सोनी ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवाया।उन्होंने राजस्व नक्शा और मोबाइल ऐप से मौके का निरीक्षण किया।जांच में उक्त भूमि सरकारी पाई गई।स्कूल के बाहर उस्मान पुत्र बदरूदीन का पहले से सीमेन्ट के टिन शेड का बरामदा बना हुआ था उक्त व्यक्ति द्वारा बरामदे में नए कमरों का निर्माण करवाया जा रहा था।हाल ही में इस निर्माण के आगे की जमीन में नींव भी भरी गई थी।मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले भी उस्मान को काम रोकने के लिए कहा गया था,लेकिन उसने निर्माण जारी रखा।जांच टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवाया।मुरलिया निवासी कारीगर रतन पुत्र बालू रेगर को आगे का काम न करने की हिदायत दी गई।इसके अलावा बदरूदीन के तीन अन्य बेटों मोमिन,सत्तार,जुबेर के मकान शामिल हैं इनके मकान भी इसी सरकारी जमीन पर बने हुए पाए गए।

अतिक्रमियों को भविष्य में कोई भी निर्माण कार्य नहीं करने के लिए पाबंद किया गया।मौके की कार्रवाई का पंचनामा तैयार कर मौके पर मौजूद लोगों को पढ़कर सुनाया साथ ही सभी से हस्ताक्षर और अंगूठा निशानी ली गई।

# जनरल इंश्योरेंस एम्प्लॉइज़ एसोसिएशन के आह्वान पर कंपनियों के कर्मचारी अधिकारी राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर रहें

द मूवमेंट ऑफ इंडिया




**भीलवाडा।** देश व्यापी बैंको की हडताल के साथ हड़ताल के मुख्य मुद्दे- बीमा कंपनिया भी हडताल पर रही।

वेतन संशोधन में देरी । स्टाफ की भारी कमी । निजीकरण और विलय का विरोध । पुरानी पेंशन योजना की बहाली । सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों को मजबूत करना भीलवाड़ा मे निम्न मुद्दो को लेकर हडताल को समर्थन दिया गया।केन्द्रीय कार्यकारिणी के विशेष प्रतिनिधि श्री गिरधारी लाल बलाई ने बताया कि आज दिनभर साधारण बीमा कंपनियों की चारों अनुषंगी ओरिएंटल इंश्योरेन्स, युनाइटेड इंश्योरेंस , नेशनल इंश्योरेंस एवं न्यू इंडिया एश्योरेंस में सामान्य कार्य प्रभावित रहा। जिससे आम नागरिकों को बीमा सेवा नहीं मिल पाई और सरकार को करोड़ों की राजस्व हानि उठानी पड़ी !

आज की हड़ताल में सभी साथियों का सहयोग और समर्थन मिला है कामरेड श्री शिवकांत के नेतृत्व में सभी साथी सुबह 10-30 बजे यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेन्स कम्पनी मंडलीय कार्यालय परिसर पर उपस्थित हुए और केन्द्र सरकार की जन विरोधी और कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ बैनर पोस्टर लेकर जमकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई ।

# ट्रस्ट अध्यक्ष सालवी का किया सामाजिक सम्मान

द मूवमेंट ऑफ इंडिया

सालवी नव युवक समाज संस्थान चित्तौडगढ के तत्वाधान में आम मेवाड सालवी समाज बाबा रामदेव मंदिर ट्रस्ट मात्रिकुडीयां के अध्यक्ष शँकर लाल सालवी व सदस्य पदाधिकारीगण का सामाजिक सम्मान किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ट्रस्ट अध्यक्ष शँकर लाल सालवी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वतंत्र लेखक, व जिलाध्यक्ष भारतीय दलित साहित्य अकादमी ,अधिकारी मदन सालवी ओजस्वी थे। चितोडगढ में सालवी समाज का निर्माणधीन छात्रावास भवन के लिए सहयोख हेतु मंदिर ट्रस्ट के नव नियुक्त अध्यक्ष ने भी सहयोग का आश्वासन देते हूऐ बताया कि शिक्षा मे प्रगति के लिए जिले मे छात्रावास निर्माण होना बहूत ही ऐतिहासिक काम है। पुरा सहयोग का आश्वासन दिया।




संस्थान जिलाध्यक्ष श्याम सालवी ने बताया कि छात्रावास भवन निर्माण के साथ साथ यहां पर वर्ष में होने वाले कार्यक्रम में बच्चो को पढाना, तथा बाबासाहेब अम्बेडकर की जयंती, परिनिर्वाण दिवस, 15 अगस्त, 26 जनवरी तथा बाबा रामदेव जयंती जेसे दिवस पर सामाजिक व राष्ट्रीय भावना से सम्बंधित कार्यक्रम होते रहेगें। छात्रावास निर्माण पुरा होने तक जिले भर से सभी समाज जन से तन मन धन से सहयोग की अपील की है। संस्थान जिलाध्यक्ष श्याम सालवी के जन्म दिवस होने से भी सभी ने बधाई व शुभकामनाऐ दी। उन्हे माला पहनाकर सम्मान किया।

अब तक जिन्होने तन मन धन से सहयोग किया,उन सभी को भी याद करते हूऐ जिलाध्यक्ष ने आभार प्रकट किया गया।

इस दौरान पुर्व बेंक अधिकारी मेवालाल बराला, मन्ना लाल सालवी, दादिया पुर्व सॅरपंच सुख लाल साल्वी, सादी गंगरार संरपंच नारायण लाल सालवी, पुर्व तहसीलदार भूपेन्द्र वर्मा, एडवोकेट गोपाल सालवी, शँकर लाल सालवी आदि ने अपने प्रगतिशील विचार प्रकट किए, पुर्व पोस्टल सेवा अधिकारी भेरू लाल साल्वी, पुर्व रेल्वे अधिकारी तेजराम सालवी, राशमी से सदस्य पदाधिकारीगण शँकर लाल सालवी, व भगवान लाल सालवी, भंवर लार दायमा, पुर्व पार्सद डाक्टर गोपाल सालवी आदि ने मात्रि कुडियां मंदिर तथा छात्रावास निर्माण के लिऐ सभी से सहयोगात्मक अपील की । इस दोरान उधोगपति अम्बा लाल जलवानियां, व शंकर लाल सालवी अरनियापंथ, चिकित्सा सेवा से धन राज सालवी, समाज सेवी हजारी लाल राठोर, भंवर लाल दायमा, संस्थान प्रवक्ता महेन्द्र सालवी,, संस्थान पदाधिकारीगण रतन लाल भुरेठा, एडवोकेट भेरू लाल सालवी, आदि बडी संख्या में जिले भर से दूर दूर से समाज जन उपस्थित थे।


कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हूऐ स्वतंत्र लेखक , जिलाध्यक्ष भारतीय दलित साहित्य अकादमी, मदन सालवी ओजस्वी ने बताया कि समाज के विकास के लिऐ कोई भी जिलाध्यक्ष पदाधिकारी हों, अपने अपने समय पर एक दूसरे का पुरा पुरा सहयोग करना ही समाज को आगे बढाना है।

सामाजिक चिंतक, प्रगतिशील विचारक ओजस्वी ने बताया कि समाज में आज युवा वर्ग को शिक्षा के साथ साथ जागरूक ओर चेतन भी होना है, सामाजिकता, मधुरता, सेवा भावना, संस्कार को भी भीतर बसाने से पीछे ना रहें। ओजस्वी ने बताया कि मात्रिकुडीयां मंदिर निर्माण के लिऐ तथा जिले में छात्रावास निर्माण के लिऐ आज सभी लोग प्रति दिन तथा हर माह थोडा थोडा सहयोग करना शुरू करें तो कुछ भी असंभव नही है। समाज हित मे, नेक और भले काम के लिऐ समाज मे सहयोग करने वाले भी कम नही है। कार्यक्रम का सफल संचालन पुर्व पार्षद डाक्टर गोपाल सालवी द्वारा किया गया।

## पंडेर सरपंच के समर्थन में उतरी मेवाड़ जाट महासभा,प्रदेश अध्यक्ष शंकरलाल कुड़ी ने जताया विरोध, जिला कलेक्टर को लिखा पत्र

द मूवमेंट ऑफ इंडिया

सुरज वर्मा


|| ओम नमो शिवाय || || श्री गणेशाय नमः || || वीर तेजा जी ||
रजि. नं. COOP/2018.BHILWARA/100506
राजस्थान मेवाड़ जाट महासभा संस्थान
भीलवाड़ा (राज.)
पता :- 115,गोकुल विहार, सेक्टर बी, 200 फिट रिंग रोड़, गोकुल विहार,वीर तेजा बिल्डर्स भीलवाड़ा
शंकर लाल कुड़ी (लाम्बियाँ खुर्द) प्रदेशाध्यक्ष मो. 99283-12323
देवबक्ष ढाबरढीमा (बड़ला, तह. - कोटड़ी) जिलाध्यक्ष मो. 98293-79551
शोभा राम तोगड़ा (बनेड़ा) महामंत्री मो. 94148-38778
क्रमांक :- 48/2-25 प्रेस विज्ञप्ती दिनांक : 9.7.2025
[illegible]
राजस्थान मेवाड़ जाट महासभा संस्थान

जहाजपुर ग्राम पंचायत पंडेर की सरपंच ममता मुकेश जाट के साथ हो रहे राजनीतिक षड्यंत्र के विरोध में राजस्थान मेवाड़ जाट महासभा संस्थान खुलकर सामने आ गई है। संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष शंकरलाल कुड़ी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि समाज की बेटी ममता मुकेश जाट के साथ राजनीतिक द्वेष के चलते अन्याय किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाई कोर्ट से स्थगन आदेश (स्टे) मिलने के बावजूद सरपंच को पद से हटाने की कोशिश की जा रही है और ग्राम पंचायत भवन पर ताले लगवाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को ठेंगा दिखाया जा रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष कुड़ी ने इस संबंध में भीलवाड़ा जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर पूरे मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते सरपंच ममता मुकेश जाट को न्याय नहीं मिला तो मेवाड़ जाट महासभा समाज के साथ मिलकर आंदोलन करेगी। कुड़ी ने कहा कि यह केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि पूरे समाज के स्वाभिमान का प्रश्न है, और समाज इसे लेकर चुप नहीं बैठेगा।

## स्मार्ट मीटर को लेकर बड़ी खबरः जहाजपुर में भाजपा नेताओं के विरोध से रुका काम, अब शाहपुरा पर नजर बढ़ी चिंता

द मूवमेंट ऑफ इंडिया

सुरज वर्मा

शाहपुरा/जहाजपुर में स्मार्ट मीटर को लेकर एक बड़ी और राजनीतिक रूप से अहम खबर सामने आई है। जहाजपुर में भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं के विरोध के चलते स्मार्ट मीटर लगाने का काम ठप कर दिया गया है। सूत्रों की मानें तो ठेकेदार को भाजपा कार्यकर्ताओं के सख्त विरोध और जनता के आक्रोश के चलते वापस लौटना पड़ा, यहाँ तक कि बिजली विभाग के अधिकारी भी उसकी मदद नहीं कर पाए।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, ठेकेदार की 'नई चली चवन्नी' वाली हालत हो गई – कोई बात नहीं सुनी गई और साफ तौर पर स्मार्ट मीटर लगाने से मना कर दिया गया। इसके बाद, विभाग की निगाह अब शाहपुरा की ओर मोड़ दी गई, जहाँ तेजी से स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं – बगैर सहमति और जबरदस्ती के आरोपों के साथ।

जहाजपुर को मिली राहत, शाहपुरा में बढ़ी बेचैनी

जहाजपुर के आम उपभोक्ताओं को इस विरोध का सीधा लाभ मिला। उन्हें फिलहाल स्मार्ट मीटर से राहत मिल गई है।

# स्नातक प्रथम वर्ष प्रवेश के लिए दस्तावेज सत्यापन प्रारंभ

## छात्राएं प्रवेश के लिए अंतिम तिथि का ना करें इंतजार

द मूवमेंट ऑफ इंडिया

**भीलवार्डा।** सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष में लगभग 1700 सीटों पर प्रवेश के लिए प्रथम वरीयता सूची प्रकाशित कर दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर सावन कुमार जांगिड़ ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय में आयुक्तालय के प्रवेश कार्यक्रम के अनुसार प्रवेश के लिए मूल दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया 11 जुलाई 2025 तक रहेगी। छात्राएं महाविद्यालय में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि का इंतजार नहीं करें तथा दिए गए समय में ही दस्तावेज सत्यापन करवा ईमित्र पर फीस जमा करा महाविद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित करें।

प्रवेश नोडल अधिकारी डॉ सीमा गौड़ ने बताया कि छात्रों को स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी ई मित्र से बधाई पत्र/बधाई संदेश की कॉपी, 10वीं ,12वीं की मूल अंक तालिका एवं स्वप्रमाणित छाया प्रति, जाति प्रमाण पत्र मूल एवं छाया प्रति (ैबए ैजए व्ठबए डठब्द्ध ै यदि है तो उसका प्रमाण पत्र, 12वीं कक्षा की टीसी, सी सी, बैंक अकाउंट की फोटो कॉपी, बोनस अंक यदि अप्लाई किया है तो उसका मूल प्रमाण पत्र एवं छाया प्रति इत्यादि लेकर महाविद्यालय में संपर्क करें। छात्राओं को दस्तावेज सत्यापन करवाने के पश्चात ईमित्र पर जाकर फीस भी जमा करवानी है। कोविद तथा दिव्यांग अभ्यर्थी जिनकी फीस माफ है उन्हें भी महाविद्यालय में प्रवेश के लिए ईमित्र पर जाकर जीरो टोकन कटवाना अति आवश्यक है। इसी प्रकार कैलाश त्रिवेदी राजकीय कन्या महाविद्यालय गंगापुर, में भी स्नातक कला संकाय में प्रथम वर्ष में 200 सीटों पर प्रवेश हेतु दस्तावेज सत्यापन एवं फीस जमा करवाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।

## जिले में समस्त विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित किया जा रहा बीएलओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम



**भीलवाड़ा।** निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार समस्त विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों पर नियुक्त समस्त बूथ लेवल अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 03 से 17 जुलाई 2025 के मध्य आयोजित किया जाना है।

जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों पर नियुक्त समस्त बूथ लेवल अधिकारियों का संबंधित विधानसभा स्तर पर ही दिनांक 07 जुलाई, 2025 से 50-50 के बैच में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

बीएलओ के प्रशिक्षण शिविर में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बूथ लेवल अधिकारियों को मतदाता सूची से सम्बन्धित कानूनी प्रावधान, मतदाता सूची में नाम जोडने, हटाने तथा मतदाता सूची में विद्यमान प्रविष्टियों में संशोधन के लिए भरे जाने वाले आवेदनों को भरने की प्रक्रिया, भारत निर्वाचन आयोग के वोटर्स पोर्टल तथा वोटर्स हेल्पलाइन एप्प द्वारा ऑनलाइन फार्म भरने की प्रक्रिया के सम्बन्ध विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

बीएलओ के प्रशिक्षण को रोचक एवं प्रभावी बनाने के लिए प्रशिक्षण के दौरान ही बीएलओ के छोटे-छोटे समूह बनाये जाकर रोल-प्ले एवं केस स्टडी के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम शीघ्र ही प्रारंभ होने वाला है। इस पुनरीक्षण कार्यक्रम में बूथ लेवल अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन विभाग राजस्थान से दिशा निर्देश प्राप्त होने पर बूथ लेवल अधिकारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान की जाने वाली गतिविधियों के सम्बन्ध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# स्कूल में एडमिशन लेने के लिए पूछने गए छात्र को स्कूल प्रबंधन ने मजदूरी पर भेजा

द मूवमेंट ऑफ इंडिया

मुकेश खटीक

**मंगरोप।** कस्बे के सीनियर स्कूल में लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया है। सोमवार को 13 साल का छात्र अरमान 9वीं कक्षा में एडमिशन की जानकारी लेने स्कूल गया था। स्कूल पहुंचते ही प्रधानाचार्या कल्पना कुर्मी ने उसे एडमिशन बाद में लेने की बात कहकर अन्य 3-4 छात्रों के साथ ट्रैक्टर में बैठाकर हरनी महादेव स्थित नर्सरी पौधे लाने भेज दिया।परिजनों को इसकी कोई सूचना नहीं दी गई।अरमान के पिता जमील मोहम्मद सौरगर ने मंगरोप थाने में रिपोर्ट दी है।उन्होंने बताया कि सुबह 10.30 बजे बेटे को स्कूल भेजा था।दोपहर तक जब वह नहीं लौटा तो चिंता हुई। करीब 1 बजे स्कूल पहुंचे तो चपरासी शकील मोहम्मद स्कूल के बाहर गेट पर ताला लगा रहा था। पूछने





पर उसने कहा कि अरमान स्कूल आया ही नहीं। शक होने पर पिता ने चपरासी के साथ स्कूल के सभी कमरों की तलाशी ली, लेकिन अरमान नहीं मिला।इसके बाद पिता ने गांव के बाहर नदी, कुएं और अन्य जगहों पर तलाश की। बेटे को घर से निकलते समय ICICI बैंक खाते की पासबुक दी थी। वह बैंक भी गए, वहां सीसीटीवी फुटेज देखे, लेकिन अरमान नहीं दिखा। करीब 6 घंटे तक पूरा परिवार परेशान रहा। दोपहर 2 बजे जमील ने अपनी मां को स्कूल के बाहर मोबाइल की दुकान पर बैठाया और खुद रिश्तेदारों के यहां तलाशने निकल गए।शाम 4 बजे अरमान ट्रैक्टर में बैठा स्कूल के बाहर पहुंचा। पिता ने साथ आए अध्यापक बद्रीलाल और शंकरलाल से पूछा कि बेटे को ले जा रहे थे तो फोन क्यों नहीं किया। दोनों अध्यापक बिना कुछ कहे स्कूल में चले गए। अरमान ने बताया कि हरनी महादेव पहुंचने पर उसने अध्यापकों से परिजनों को फोन करने की बात कही थी, लेकिन उन्होंने बाद में कहकर टाल दिया।प्रधानाचार्या कल्पना कुर्मी ने कहा कि अरमान पूर्व छात्र है,इसलिए एडमिशन बाद में लेने को कहा।वृक्षारोपण कार्यक्रम चल रहा था, इसलिए उसे अन्य बच्चों के साथ पौधे लाने भेजा गया। पिता जमील ने कहा कि स्कूल में एडमिशन ही नहीं था। रास्ते में कुछ हो जाता तो जिम्मेदार कौन होता।मंगरोप थाने के दीवान बाबूलाल पालीवाल ने बताया कि जमील मोहम्मद ने रिपोर्ट दी है। जिसमें स्कूल स्टाफ पर बेटे को मजदूरी के लिए भेजने का आरोप लगाया गया है। पुलिस जांच कर रही है।प्रधानाचार्या के इस रवैये के कारण हर साल एडमिशन लेने वाले बच्चों की संख्या घट रही है। शिक्षा विभाग को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। पूर्व में भी प्रधानाचार्या के खिलाफ कई शिकायतें हो चुकी हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे साफ है कि शिक्षा विभाग का ओहदा प्रधानाचार्या के सामने कमजोर साबित हो रहा है।

# राजस्थान में जन-जन तक पहुंच रहे विकास और जल संरक्षण के संदेश

**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**




**भीलवाड़ा ।** राजस्थान सरकार द्वारा आमजन के कल्याण एवं जल संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे दो विशेष अभियानों – ÷वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान÷ तथा ÷पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा÷ – के तहत जिले में विभिन्न जनोपयोगी कार्य किए जा रहे हैं। इन अभियानों से समाज के अंतिम व्यक्ति तक राहत और विकास पहुंच रहा है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण और सामाजिक सुरक्षा की नई मिसालें कायम हो रही हैं।

**जल संरक्षण बना जन आंदोलन**

5 जून से 20 जून, 2025 तक संचालित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जिले में जल स्त्रोतों की सफाई, परंपरागत जल संरचनाओं का पुनरुद्धार, वर्षा जल संचय हेतु गड्ढों का निर्माण तथा हरियालो राजस्थान वृक्षारोपण महाभियान हेतु तैयारियां की गई। जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में श्रमदान से हजारों की संख्या में गड्ढे खोदकर वर्षा जल संरक्षण के ठोस प्रयास किए गए। इन कार्यों से वर्षा जल का अधिकतम संग्रहण, भूजल स्तर में वृद्धि और पशुपालन व सिंचाई कार्यों में राहत मिलेगी। जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन से ग्रामीणों को वर्ष भर पेयजल व सिंचाई जल की समस्या से राहत मिलेगी।

**अन्त्योदय के संकल्प से अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ**

24 जून से 9 जुलाई तक आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर लगाए गए। इन शिविरों में राजस्व, पंचायतीराज, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, विद्युत, जलदाय सहित 24 विभागों की 60 से अधिक सेवाएं नागरिकों को प्रदान की गईं। जिले के आसींद की 29, बनेड़ा की 25, बिजौलिया की 21, हुरड़ा की 23, जहाजपुर की 38, करेड़ा की 24, कोटड़ी की 33, मांडल की 25, मांडलगढ़ की 31, रायपुर की 22, सुवाणा की 37, सहाड़ा की 28 तथा शाहपुरा की 39 ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर शिविरों का आयोजन हुआ।

पखवाड़े के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में लक्षित परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने के लिए विभिन्न योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया गया। इसके साथ ही, वर्षों से लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरणों का निस्तारण किया गया, स्वामित्व पट्टों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफएसए) के तहत लंबित प्रकरणों का निस्तारण तथा नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग जैसे कार्य भी प्रभावी रूप से संपादित किए गए।

**जन सेवा की प्रेरक कहानियाँ**

बनेड़ा की ग्राम पंचायत उपरेड़ा में आयोजित शिविर में नेत्रहीन नारायण लाल ने अपनी समस्याएं बताई, जिन्हें उपखंड अधिकारी श्री श्रीकांत व्यास के नेतृत्व में तत्परता से 13 योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इनमें पुश्तैनी मकान का पट्टा, प्रधानमंत्री आवास योजना, खाद्य सुरक्षा योजना, किसान सम्मान निधि, पशुपालन बीमा योजना सहित कई योजनाएं शामिल थीं। इसी प्रकार हमीरगढ़ तहसील की ग्राम पंचायत दुडिया में आयोजित शिविर में श्री पोखर गाडरी, श्री नारायण गाडरी, श्रीमती नारायणी गाडरी और श्री उदयराम गाडरी को पंचायतीराज विभाग द्वारा आवासीय पट्टे वितरित किए गए। इससे उन्हें भूमि के स्वामित्व का अधिकार प्राप्त हुआ, जिससे भविष्य में बैंक ऋण व अन्य सरकारी योजनाओं में भागीदारी आसान हुई।

**जल और जीवन के संरक्षण का संकल्प**

दोनों अभियानों के माध्यम से जिले के गांवों में जल संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता और सामाजिक कल्याण की नई शुरुआत हुई है। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान से जल संकट से निपटने के प्रयास किए जा रहे हैं और अन्त्योदय पखवाड़ा के तहत सामाजिक व आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

**जिला कलेक्टर द्वारा प्रभावी मॉनिटरिंग, शिविरों की नियमित समीक्षा**

दोनों अभियानों में जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू द्वारा प्रभावी मॉनिटरिंग और नियमित समीक्षा की गई। शिविर प्रभारियों को शिविर में उपस्थित रहकर योजनाओं की समयबद्ध क्रियान्विति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक विभाग के अधिकारी फील्ड में सक्रिय रहकर आमजन को योजनाओं का लाभ प्रदान कर रहे हैं। सरकार की मंशा अनुरूप दोनों अभियानों की योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हुआ है। जल संरक्षण के कार्यों से जहां प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित हो रहा है, वहीं अन्त्योदय पखवाड़ा के शिविरों के माध्यम से आमजन तक योजनाओं की सीधी पहुँच सुनिश्चित हुई है। आने वाले समय में जिले में इन अभियानों की भावना को जन आंदोलन में बदलकर और अधिक व्यापक स्तर पर कार्य किए जाएंगे ताकि जल संरक्षण व जनकल्याण के कार्य स्थायी रूप से जन जीवन का हिस्सा बनें।

# बैंको से आवेदन पत्र क्रय करने की अवधि 15 जुलाई तक बढ़ाई

**भीलवाडा।** नगर विकास न्यास ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि न्यास द्वारा उसकी विभिन्न आवासीय योजनाओं में लॉटरी द्वारा आवंटन के लिये आवेदन पत्र एवं भरे हुये आवेदन पत्र सम्बन्धित बैंको के माध्यम से विक्रय एवं प्राप्त किये जा रहे है।

नगर विकास न्यास के सचिव ने बताया कि सम्बन्धित बैंको से आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई नियत थी। लॉटरी से सम्बन्धित विवाद पर सिविल न्यायालय में प्रकरण दर्ज होने एवं दिनांक 09 जुलाई को बैंको में हड़ताल की घोषणा के कारण आमजनता को हुई असुविधा के निवारण के लिये बैंको से आवेदन पत्र क्रय करने की अवधि 15 जुलाई तक बढ़ाई जाती है। आवेदकगण इस अवधि तक आवेदन क्रय कर सम्बन्धित बैंको में इस अवधि तक जमा करा सकेगें। भरे हुये आवेदन 15 जुलाई तक सम्बन्धित बैंको में जमा कराये जायेगें। नियत अवधि के पश्चात् किसी भी स्थिति में आवेदन पत्र सम्बन्धित बैंको द्वारा और न ही न्यास द्वारा स्वीकार किये जायेगें। सभी आवेदको से आग्रह है कि अतिशीघ्र बैंक में आवेदन पत्र जमा करावें।

जनसाधारण की सुविधा के लिये न्यास हाजा द्वारा कार्यालय में आवेदन पत्र / फार्म उपलब्ध करवाने की व्यवस्था एकल खिड़की के माध्यम से की गई है। आवेदन पत्र न्यास द्वारा अवकाश के दिनें शनिवार एवं रविवार को भी उपलब्ध कराये जायेगें। यह सुविधा केवल आवेदन/फार्म जनसाधारण को देने के लिये ही है। न्यास द्वारा भरे हुये आवेदन पत्र किसी भी स्थिति में ग्रहण नही किये जायेगें। उक्त भरे हुये आवेदन पत्र सम्बन्धित बैंक एवं उनकी शाखाओं में ही जमा होगे।

# अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने शाहपुरा में बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया अवलोकन

**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**

भीलवाड़ा निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार समस्त विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों पर नियुक्त समस्त बूथ लेवल अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण 03 से 17 जुलाई 2025 के मध्य आयोजित किया जा रहा है।

विधानसभा क्षेत्र शाहपुरा में बुधवार को बीएलओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश मेहरा का अवलोकन कर बीएलओ को आवश्यक दिशानिर्देश देने के साथ ही अपने कार्य को जिम्मेदारी और उत्सुकता से करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम शीघ्र ही प्रारंभ होने वाला है। इस पुनरीक्षण कार्यक्रम में बूथ लेवल अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीएलओ को मतदाता सूची के अद्यतनीकरण सहित अन्य संबंधित कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।




# राजपुर विद्यालय में छात्र छात्रों ने किया वृक्षारोपण

**राजकुमार सैन**






आज, दिनांक 9जुलाई 2025। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजपुर में प्रधानाचार्य श्रीमती कल्पना मिश्रा के नेतृत्व में छात्र छात्रों द्वारा 400पेड़ पौधे लगाए।

वृक्षारोपण प्रभारी चन्द्रभान चौधरी ने बताया कि राजस्थान में चल रहे हमारा हरियाला राजस्थान के अन्तर्गत हर विद्यालय में प्रत्येक छात्र छात्रों व शिक्षकों 15पौधे लगाने का लक्ष्य शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित किया गया है। और एक पेड़ मां के नाम का अभियान भी चल रहा है।स्थानीय विद्यालय में सभी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया सभी ने मिलकर 400पेड़ पौधे लगाए। और ये वृक्षारोपण कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा लगभग 4000हजार पौधे लगाने का लक्ष्य है। सभी ने अपने पेड़ को गोद लेकर उसकी देखभाल करने की जिम्मेदारी दी है और वो सब लोग मिलकर पेड़ पौधे को बचाने का कार्य करेंगे।

इस अवसर पर कल्पना मिश्रा, बनेय सिंह, पातीराम, विजय कुमार, राजेश शर्मा, चन्द्रभान चौधरी, सन्तोष कुमार, देवेन्द्र त्यागी, सुरेखा त्यागी, संतोष मीणा, घनश्याम मीणा, पृथ्वीराज सिंह, मनोज कुमार, नितेश शर्मा, कृष्णकांत शर्मा जयश्री, पूजा व ग्रामीण उपस्थित थे।

**आवश्यकता**

**द मूवमेंट ऑफ़ इंडिया को**

को राजस्थान के प्रत्येक जिले व तहसील से ब्यूरो व संवाददाताओं की आवश्यकता है

**इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें**

- 9694957624 dayaramdivya5@gmail.com

themovementofindia2012@gmail.com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक दयाराम दिव्य द्वारा मुद्रक वेदांत प्रभाकर, मेधा कम्प्यूटर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स, ऑफिस नं. 128, वार्ड नं. 25, नंदभवन कांवाखेड़ा पार्क के पास, भीलवाड़ा 311001 (राज.) से मुद्रित एवं एस-20, प्रतापनगर, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक दयाराम दिव्य 96949 57624, 87695 58132 * PRB एक्ट के तहत ख़बरों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भीलवाड़ा होगा